# अर्द्धवार्षिक परीक्षा, 2026
# हिन्दी

**समय : घण्टे** **कक्षा X** **पूर्णांक : 70**

**खण्ड–अ : बहुविकल्पीय प्रश्न** **20**

1. **भारत-भारती किसकी रचना है ?**
   (अ) सियारामशरण गुप्त (स) महादेवी वर्मा
   (ब) मैथिलीशरण गुप्त (द) सुमित्रानंदन

2. **चिन्तामणि किस विधा की रचना है ?**
   (अ) कविता (स) निबंध
   (ब) कहानी (द) नाटक

3. **कृति 'कंकाल' के लेखक हैं :**
   (अ) मुंशी प्रेमचन्द (स) महादेवी वर्मा
   (ब) रामकुमार वर्मा (द) जयशंकर प्रसाद

4. **तारसप्तक के सम्पादक हैं :**
   (अ) अज्ञेय (स) मुंशी प्रेमचन्द
   (ब) मुक्तिबोध (द) विद्यानिवास मिश्र

5. **सबसे भयानक ज्वर होता है :**
   (अ) मित्रता का (स) क्रोध का
   (ब) कुसंग का (द) शत्रुता का

6. **पंत जी को किस रचना के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला ?**
   (अ) लोकायतन (स) कला और बूढ़ा चाँद
   (ब) गुंजन (द) वीणा

7. **'अनन्त' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है :**

(अ) अ (स) अन
(ब) अनं (द) अन्

8. **साँस का तत्सम है :**

(अ) सास (स) स्वाश
(ब) सॉस (द) श्वास

9. **'पन' प्रत्यय से युक्त शब्द नहीं है :**

(अ) बचपन (स) स्वप्न
(ब) बड़प्पन (द) अपनापन

10. **मुझे भू से शून्य तक का सफर करना है में शून्य का पर्यायवाची शब्द है :**

(अ) ज़ीरो (स) पाताल
(ब) धरती (द) आकाश

11. **किस समास का पूर्वपद संख्यावाची होता है ?**

(अ) द्विगु (स) कर्मधारय
(ब) द्वन्द्व (द) बहुव्रीहि

12. **'कोटि कुलिस सम वचन तुम्हारा' पंक्ति में अलंकार है :**

(अ) उपमा (स) उत्प्रेक्षा
(ब) रूपक (द) यमक

13. **सोमठा छंद के किस चरण में 13 मात्राएँ होती हैं :**

(अ) केवल पहले (स) पहले और तीसरे
(ब) केवल दूसरे (द) दूसरे और चौथे

14. **अत्याचार का सही संधि-विच्छेद होगा :**

(अ) अत्या + चार (स) अत्य + आचार
(ब) अति + आचार (द) अत्या + आचार

15. **किस रस में प्रिय व्यक्ति अथवा वस्तु का विनष्ट होने का दुःख होता है ?**
(अ) शृंगार रस
(ब) करूण रस
(स) शान्त रस
(द) हास्य रस

16. **फलैः शब्द में विभक्ति व वचन बताइए :**
(अ) चतुर्थी एकवचन
(ब) तृतीया बहुवचन
(स) तृतीया द्विवचन
(द) तृतीया एकवचन

17. **लट् लकार प्रथम पुरुष एकवचन का रूप है :**
(अ) गच्छति
(ब) गच्छन्ति
(स) गमिष्यन्ति
(द) गमिष्यति

18. **पंचमी विभक्ति (अपादान कारक) का चिन्ह है :**
(अ) के लिए
(ब) से द्वारा
(स) से अलग होने में
(द) में पे पर

19. **छायावाद के चार स्तम्भों में से एक हैं :**
(अ) रामस्वरूप वर्मा
(ब) भगवतीचरण वर्मा
(स) रामकुमार वर्मा
(द) महादेवी वर्मा

20. **इसमें से भक्तिकाल का महाकाव्य है :**
(अ) साकेत
(ब) कामायनी
(स) श्रीरामचरितमानस
(द) प्रिय प्रवास

## खण्ड–ब : वर्णनात्मक

1. **निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2+2+2=6**

**(क)** काशी के उत्तर में धर्मचक्र विहार मौर्य और गुप्त सागरों की कीर्ति का खण्डर है। भग्नचूड़ा तृण-गुल्मों से ढके हुए प्राचीर ईंटों के ढेर में बिखरी हुई भारतीय शिल्प की विभूति ग्रीष्म की चन्द्रिका में अपने को शीतल कर रही थी।

(अ) उपयुक्त पाठ का नाम व लेखक का नाम लिखिए।

(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(स) धर्मचक्र कहाँ स्थित था ?

(ख) **'यह कोई बात नहीं है कि एक ही स्वभाव और रुचि के लोगों में ही मित्रता है।** समाज में विभिन्नता देखकर लोग एक दूसरे की ओर आकर्षित होते हैं। जो गुण हममें नहीं है, हम चाहते हैं कि कोई ऐसा मित्र मिले जिसमें वे सभी गुण हों।'

(अ) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(स) व्यक्ति एक दूसरे की ओर क्या देखकर आकर्षित होते हैं ?

2. **निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2+2+2=6**

**(क)** पुर ते निकसी रघुवीर-वधू, धरिधीर दए मग में डग द्वै।
झलकी भरि भालि कनी जल की, पुट सूख गये मधुराधर वै।
फिरि बूझति हैं–"चलिना अब के तिक, पर्णकुटी करिहौ कित ह्वै ?
हिम की लखि आतुरता प्रिय की आँखियाँ अति चारु चलीं जल च्वै॥

(अ) उपर्युक्त पाठ का नाम व रचयिता का नाम लिखिए।

(ब) पुर से कौन निकली ?

(स) सीताजी ने राम जी से क्या पूछा ?

**(ख)** अतुलनीय जिनके प्रताप का, साक्षी है प्रत्यक्ष दिवाकर।
घूम-घूम कर देख चुका है, जिनकी निर्मल कीर्ति निशाकर।
देख चुके हैं, जिनका वैभव, ये नभ के अनंत तारागण।
अगिणत बार सुन चुका है नभ, जिनका विजय घोषण रण गर्जन।

(अ) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ब) दिवाकर किसका साक्षी है ?

(स) अगणित बार नभ क्या सुन चुका है ?

3. **निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का अर्थ लिखिए : 1+3=5**

**(अ) एकदा बहवः जनाः धूमयानम् आरुह्य नगरं प्रति गच्छन्ति स्म। तेषु केचित् ग्रामीणः केचिच्च नागरिकः आसन्। मौनं स्थितेषु तेषु एकः नागरिकः ग्रामीणान् उपहसन् अकथयत्, "ग्रामीणः अद्यापि पूर्ववत् अशिक्षिताः अज्ञाश्च सन्ति।"**

**(ब) इयं नगरी विविध धर्माणां संगमस्थली। महात्मा बुद्धः तीर्थकरः पार्श्वनाथः, शंकराचार्यः कबीरः गोस्वामी तुलसीदासः अन्ये च बहवः महात्मनः अत्रागत्य स्वीयान् विचारान् प्रासारयन्। न केवलं दर्शने, साहित्ये, धर्मे अपितु कलाक्षेत्रे अपि इयं नगरी विविधानां कलानां शिल्पानाञ्च कृति लोके विश्रुता।**

4. **निम्नलिखित श्लोकों में से किसी एक श्लोक का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 2+3=5**

**(अ) सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामयाः।**
**सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्॥**

**(ब) बन्धनं मरणं वापि जयो वापि पराजयः।**
**उभयत्र समो वीरः वीरभावो हि वीरता॥**

5. **निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन परिचय लिखिए और उनकी दो प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए : 3+2=5**

(अ) जयशंकर प्रसाद
(स) रामधारी सिंह दिनकर
(ब) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

6. **निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन परिचय लिखिए और उनकी दो प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए : 3+2=5**

(अ) सूरदास
(ब) तुलसीदास

(स) बिहारीलाल

7. **अपनी पाठ्य पुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो।**

8. **गली मोहल्लों की साफ-सफाई हेतु नगर निगम को प्रार्थना पत्र लिखिए।**

9. **'तुलसी' खण्डकाव्य के आधार पर लक्ष्मण का चरित्र-चित्रण कीजिए।**

10. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर संस्कृत में लिखिए :**

(अ) वीरः केन पूज्यते ?

(ब) ग्रामीणान् कः उपहसत् ?

(स) वाराणसी नगरी कस्याः नद्याः कूले स्थिता ?

11. **उपमा अलंकार की उदाहरण सहित परिभाषा लिखिए।**

12. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :**

(अ) पर्यावरण सुरक्षा

(ब) देश प्रेम

(स) मेरे प्रिय कवि

(द) अनुशासन की समस्या